आकाशवाणी केन्द्र शिमला
13.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

## पीएम गुजरात यात्रा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह गुजरात के अहमदाबाद सिविल अस्पताल गए और एयर इंडिया विमान दुर्घटना के घायलों से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि अहमदाबाद में हुए हवाई हादसे से पूरा देश स्तब्ध है। उन्होंने कहा कि हृदय विदारक तरीके से अचानक इतने लोगों की मौत बहुत ही दुखद है। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। प्रधानमंत्री ने दुर्घटना में बचे एक मात्र यात्री भारतीय मूल के ब्रिटिश नागरिक विश्वास कुमार रमेश से अस्पताल जाकर मुलाकात की। विश्वास ने दुर्घटना से जुडे अनुभव प्रधानमंत्री के साथ साझा किए। नरेन्द्र मोदी ने दुर्घटना स्थल का भी दौरा किया और वहां पर बचाव कार्यों में लगे अधिकारियों और अन्य लोगों से मुलाकात कर स्थिति का जायजा लिया।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना राज्य सरकार का उद्देश्य है और इस दिशा में प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। आज शिमला में उनसे मिलने आए राष्ट्रीय आजीविका मिशन और पशु व कृषि सखी संघ के एक प्रतिनिधिमंडल से बातचीत में मुख्यमंत्री ने बताया कि प्राकृतिक खेती से तैयार उत्पादों को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि हिम ईरा और अन्य उत्पाद दूसरे राज्यों में काफी लोकप्रिय हुए हैं। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बताया कि प्रदेश में पहली बार दूध, प्राकृतिक खेती से उगाए गेंहू, मक्की और हल्दी के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य दिया गया है। इसके अलावा महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की बिक्री के लिए हिम ईरा वैबसाईट शुरू की गई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में प्राकृतिक खेती कर रहे एक लाख 58 हजार से अधिक किसानों को प्रमाणित किया गया है।

## फिन्ना सिंह परियोजना

केंद्र सरकार ने कांगड़ा ज़िले की बहु प्रतीक्षित फिन्ना सिंह सिंचाई परियोजना के लिए 55 करोड़ 51 लाख रुपये की राशि जारी कर दी है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम के तहत ये राशि जारी की गई है। उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बताया कि विभिन्न केंद्रीय मंत्रियों और संबधित विभागों के साथ निरंतर वार्ता के फलस्वरूप ये राशि मिली है। उन्होंने कहा कि कांगड़ा ज़िले के किसानों के लिए ये परियोजना आशा की किरण बनकर सामने आई है और इससे हजारों हैक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा मिलेगी। अग्निहोत्री ने कहा कि ये परियोजना लगभग एक दशक से लटकी हुई थी और इसे मंजूरी मिलना किसानों के भविष्य को संवारने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

मौसम

प्रदेश के अनेक स्थानों पर आज दोपहर तेज हवाओं के साथ हल्की वर्षा हुई, जिससे लोगों को बढ़ती गर्मी से कुछ राहत मिली है। पिछले कुछ दिनों से राज्य के मैदानी जिलों में अधिकतम तापमान 40 से 45 डिग्री सैल्सियस के बीच दर्ज किया जा रहा है। मौसम विभाग ने 15 जून तक प्रदेश के मैदानी इलाकों में लू का प्रकोप जारी रहने की संभावना जताई है, जबकि इस दौरान कुछ क्षेत्रों में तेज आंधी–तूफान के बीच ओलावृष्टि की चेतावनी भी दी गई है। ऊना ज़िले में भीषण गर्मी को देखते हुए आंगनबाड़ी केंद्रों के समय में बदलाव किया गया है। ज़िले में अब सभी आंगनबाड़ी केंद्र सुबह 8 से दोपहर एक बजे तक संचालित होंगे। शिमला स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक शोभित कटियार ने बताया कि 16 जून से प्रदेश में लू के प्रकोप से लोगों को राहत मिलने की संभावना है और 21 जून तक अधिकांश भागों में वर्षा के आसार हैं।

चालान

क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय कुल्लू की एक टीम ने बीती रात मंडी से पंडोह के बीच नाकेबंदी के दौरान बीती रात एक सौ से अधिक वॉल्वो, पर्यटक बसों और अन्य वाहनों के चालान काटकर दो लाख 72 हजार रुपये का जुर्माना वसूला। यातायात निरीक्षक हेमंत शर्मा ने बताया कि जांच के दौरान पाया गया कि कुछ गाड़ियों के पास परमिट नहीं थे और कुछ गाड़ियों में हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट नहीं लगी हुई थी। इसके अलावा कई गाड़ियों में अनेक खामियां पाई गईं।

———————————